हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 प्रदेश की 18 से 20 लाख महिलाओं को मिलेगा योजना का लाभ



14 विधायक ने नवनियुक्त चेयरमैन व वाईस चेयरमैन का किया स्वागत



## खबर संक्षेप

### राष्ट्र भातृ यज्ञ समारोह 28 को

**सोनीपत।** सोनीपत के सेक्टर-23 में 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती पर वेद प्रचार समिति के सहयोग से राष्ट्र भ्रातृ यज्ञ समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में यज्ञ कर भगत सिंह के राष्ट्र प्रेम को नमन किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराना और भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में देशभक्ति की भावना जागृत करना है।

### लद्दाख में पुलिस दमन की निंदा की

**सोनीपत।** माकपा ने लद्दाख में हुए पुलिस दमन की कड़ी निंदा की है। पोलित ब्यूरो की ओर से जारी बयान में कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की हिंसक कार्रवाई में चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। जानकारी देते हुए जिला सचिव आनंद शर्मा ने बताया कि पिछले छह वर्षों से लद्दाख के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग कर रहे हैं।

### बाइक चोरी मामले में संलिप्त आरोपित काबू

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में संलिप्त एक आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित मो. कोसर निवासी पुर्णिया बिहार हाल में दयानंद कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, 13 जुलाई को विकास निवासी जीवन नगर, सोनीपत ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 जुलाई को उसने अपनी मोटरसाइकिल को घर के सामने हनुमान मंदिर के पास खड़ा किया था। जब 12 जुलाई की सुबह वे उठे तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी।

### कार चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर पुलिस ने कार चोरी की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार कर चोरीशुदा कार बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित शवीन निवासी बली कुतुबपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 22 सितंबर को विवेक निवासी गांव लडरावन, जिला झज्जर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह दोपहर करीब 12:00 बजे सेक्टर-23 में मौजूद था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी कार चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर थाना शहर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## जिले में बनाए गए थे 9 परीक्षा केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

### ओपन स्कूल, डीएलएड की परीक्षाएं हुई शुरू

# 1438 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 193 रहे गैर हाजिर

- राजकीय व निजी विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 से 5 बजे ली गई परीक्षा
- परीक्षा केंद्रों पर की गई थी कड़ी सुरक्षा, जांच के उपरांत ही मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाएं वीरवार से शुरू हो गई। परीक्षाओं को लेकर जिलेभर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां पर अभ्यार्थियों ने परीक्षाएं दी। माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षणिक/ओपन स्कूल) एवं डीएलएड प्रथम, द्वितीय वर्ष की ये परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के सत्र में आयोजित की जाएंगी। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी तरह की समस्या सामने नहीं आई।

जिला में परीक्षा के प्रथम दिन डीएलएड प्रथम वर्ष का बच्चों का बचपन एवं विकास विषय पर आधारित पेपर रहा। वहीं ओपन स्कूल की कक्षा 10वीं व 12वीं का अंग्रेजी विषय पर परीक्षा ली गई। बोर्ड की ओर से नियुक्त की गई टीमों ने बताया कि सोनीपत के विभिन्न राजकीय व निजी विद्यालयों में बनाए गए 9 केंद्रों पर कुल 1626 अभ्यर्थियों को परीक्षा में भाग लेना था। पहले दिन 1438 अभ्यर्थी ही केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए पहुंचे, जबकि 193 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए उपस्थित नहीं हुए। वहीं प्रशासन व जिला शिक्षा विभाग की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर विशेष प्रबंध रहे।

### एक बजे कर दी गई थी 9 स्कूलों की छुट्टी

जिन स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, उन स्कूलों में अन्य जिले के मुकाबले अलग शेड्यूल का पालन किया गया। सुबह का समय तो सभी स्कूलों के समान रहा, लेकिन दोपहर बाद अन्य स्कूलों से पहले छुट्टी कर दी गई। 9 स्कूलों में दोपहर की छुट्टी 1 बजे ही कर दी गई थी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिस दिन भी परीक्षा रहेगी, उस दिन इसी तरह 1 बजे ही छुट्टी कर दी जाएगगी।





**सोनीपत।** मुरथल अड्डा स्थित स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर परीक्षाएं देने के लिये पहुंचें अभ्यार्थी।

### कड़ी जांच के बाद ही मिला प्रवेश

जिन स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, वहां पर पुलिस कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाकर सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने वाले अभ्यार्थियों को पूरी जांच पड़ताल के बाद ही प्रवेश दिया गया। स्कूलों के गेट पर तैनात पुलिसकर्मी ने रोल नंबर व दस्तावेज जांच के बाद अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया। बता दें कि इन परीक्षा के लिये जिला मजिस्ट्रेट सुशील सारवान के ने परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के नियम लागू करने के आदेश दे रखे हैं। जिसके तहत केंद्रों के आसपास पांच से ज्यादा लोगों के एकत्रित होने पर पाबंदी रही। परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। अभ्यर्थियों के अलावा किसी को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया।

सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

## कार में पेट्रोल डलवाकर बिना भुगतान किए फरार

- फर्जी नंबर प्लेट से पुलिस भी सतर्क, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी कला स्थित शिव शंकर फिलिंग स्टेशन पर बुधवार को एक युवक कार में तीन हजार रुपये का पेट्रोल डलवाकर बिना भुगतान किए फरार हो गया। मामले की शिकायत पर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी व पंप पर लगे सीसीटीवी की जरिए आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव पलड़ी निवासी और फिलिंग स्टेशन मैनेजर सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार को स्टेशन पर सेल्समैन नरेश कुमार ड्यूटी पर मौजूद थे। इस दौरान एक युवक कार लेकर पेट्रोल भरवाने आया। उसने नरेश से तीन हजार रुपये का पेट्रोल डलवाया।

### जांच में कार का नंबर मिला फर्जी

भुगतान के समय युवक ने स्कैनर से पेमेंट करने की बात कही। जैसे ही नरेश ने स्कैनर देने की कोशिश की, युवक अचानक कार स्टार्ट कर तेजी से मौके से भाग गया। सेल्समैन ने तुरंत कार का नंबर नोट कर लिया। जब नंबर की जांच कराई गई तो यह फर्जी नंबर प्लेट निकली। घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन मैनेजर ने डायल-112 और बहालगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लेकर मामला दर्ज कर लिया। बहालगढ़ थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों को खंगालना शुरू कर दिया है। जल्द ही आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की वारदातों पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्त बढ़ा रही है और फिलिंग स्टेशनों पर तैनात कर्मचारियो को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, 15 दिन बाद हुई पहचान

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर गत 10 सितंबर को रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी। घटना के समय युवक की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके चलते जीआरपी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और नियमानुसार अंतिम संस्कार करवा दिया था। पुलिस के अनुसार यह घटना 10 सितंबर की सुबह की है, जब रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला था। उस समय शव के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिले, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया था। पुलिस ने शव को सुरक्षित रखकर परिजनों की तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिल पाई। अब 15 दिन बाद मृतक की पहचान मोहित निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने जीआरपी थाना पहुंचकर पहचान की पुष्टि की। पुलिस ने मृतक के परिवार को घटना की जानकारी दी और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। जीआरपी थाना पुलिस का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मामला दुर्घटना का है या आत्महत्या का। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## उपायुक्त ने चीनी मील का निरीक्षण किया

### मरम्मत कार्य समय पर और सुरक्षित रूप से पूरा करने के दिए निर्देश

- श्रमिकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य की प्रगति की समीक्षा, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** कारखाने का निरीक्षण करते हुए व कर्मचारियों से बातचीत करते हुए जिला उपायुक्त।

जिले की दी सहकारिता चीनी मील में चल रहे मरम्मत और रखरखाव कार्यों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान ने बुधवार देर रात शुगर मील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मील में चल रहे मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयबद्धता की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मरम्मत कार्य समय पर और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भरोसा दिलाया कि मरम्मत कार्य समय पर पूरा होने से शुगर मील की उत्पादन क्षमता प्रभावित नहीं होगी और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने श्रमिकों और तकनीकी कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनके सुझाव और समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए ताकि सभी मरम्मत कार्य समय पर और कुशलतापूर्वक पूरे हो सकें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि शुगर मील का समय पर संचालन किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। गन्ने की पेराई में किसी भी तरह की देरी से किसानों को नुकसान हो सकता है, इसलिए अधिकारियों और कर्मचारियों को समन्वय और मेहनत के साथ काम करना चाहिए।

### दो पक्षों के झगड़े में बीच बचाव करने पर चालक को पीटा

**गोहाना।** रोहतक रोड स्थित बाईपास पर दो पक्षों में झगड़े का बीच बचाव करने पर रोडवेज के चालक भूपेंद्र से मारपीट । चालक को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। रोहतक में रैनकपुरा कालोनी के भूपेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह किलोमीटर स्कीम के बस का चालक है। वह बस लेने के लिए रोहतक रोड स्थित बाईपास के निकट विजडम पेट्रोल पंप पर गया था। वहां एक महिला व उसका बेटा दो अन्य लाडो के साथ झगड़ रहे थे। उसने मामला शांत कराने के लिए कहा था कि झगड़ा क्यों कर रहे हो। इतना कहने के बाद महिला ने उसे धक्का मारा और अपने जानकारों को बुला लिया। कुछ देर बाद बाइक पर तीन युवक वहां आए। उन्होंने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

## 59 वर्षीय बुजुर्ग का शव फंदे से लटका मिला

### नीम के पेड़ पर लटककर दी जान परिजनों के बयान दर्ज

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव बरोटा में एक 50 वर्षीय बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका हुआ मिला। बुजुर्ग का शव प्लॉट में दीवार के पास नीम के पेड़ पर लटका मिला। मामले की सूचना मिलते ही बारोटा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

मैनपुर यूपी हाल में बारोटा निवासी गिरिश (59) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। अल सुबह उसका शव फंदे से लटका हुआ मिला। राहगीरों ने नीम के पेड़ पर शव लटका देखकर मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। कुंडली थाना के अंतगर्त बारोटा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाकर जरूरी नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया।



**सोनीपत।** फंदे से लटका हुए बुजुर्ग।

जहां पुलिस ने मृतक के भतीजे श्याम सुंदर सहित परिजनों के बयान दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाते हुए शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित करने का काम किया गया है। परिजनों के अनुसार वह काफी दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था। जिसके चलते उसने नीम के पेड़ पर फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार लोग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

- परिजनों ने लगाया बंधक बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार लोगों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले सामने आए हैं। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात लोगों पर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुंडली थाना क्षेत्र के दादा भैया मंदिर से 22 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में उसकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

मुरथल थाना क्षेत्र के एक गांव से 38 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने शिकायत देकर अज्ञात लोगों पर महिला को बंधक बनाने का आरोप लगाया है।

राई थाना क्षेत्र के गांव रथ धन से 23 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में कुछ ज्ञात लोगों पर युवक को बंधक बनाने का आरोप लगाया है।

खरखौदा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 से एक महिला अपने 2 वर्षीय बच्चे सहित लापता हो गई। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर महिला और बच्चे को बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी।

पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और लापता लोगों की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है। जोकि संदिग्ध ठिकानों पर तलाश करने को प्रयास कर रही है।

### बिजली कर्मचारियों ने दिया धरना, जताई आपत्ति

**गोहाना।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की गोहाना इकाई ने बरोदा रोड स्थित बिजली निगम के सिटी सब डिवीजन कार्यालय में धरना दिया। यह धरना तकनीकी कर्मियों की कार्यालय में ड्यूटी लगाने के विरोध में दिया गया। इकाई के अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि अधिकारियों ने 20-25 तकनीकी कर्मियों को कार्यालय में बैठा रखा है जबकि वे लाइनमैन के पद पर हैं। फील्ड में कम अनुभव वाले कर्मी काम करते हैं, जिससे हादसे की संभावना रहती है। मुख्यालय के आदेश हैं कि सभी तकनीकी कर्मियों की ड्यूटी कार्यालय में न लगाकर फील्ड में लगाई जाए। अधिकारी सरकार के आदेश को नहीं मान रहे हैं। यादव ने कहा कि सभी शिकायत केंद्रों पर एन एएलएम कार्य कर रहे हैं, जिनको लाइनों का पूरा ज्ञान नहीं है। जब तक तकनीकी कर्मियों की ड्यूटी कार्यालय से हटाकर फील्ड में नहीं लगाई जाएगी धरना जारी रहेगा।

### रवि योग के विशेष संयोग के साथ सुकर्मा योग और धृति योग रहेगा

## रावण दहन प्रदोष काल में होगा, अत्यंत शुभ बन रहे योग

- असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा मनाया जाएगा 2 अकटूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सनातन धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक दशहरा इस वर्ष 2 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान राम ने लंका के राक्षसराज रावण का वध कर धर्म और सत्य की रक्षा की थी। तभी से दशहरा को असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक पर्व के रूप में मनाया जाता है। दशहरा पर्व पर परंपरा अनुसार शाम के समय रावण, उसके भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। साथ ही, मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का समापन भी इसी दिन होता है। इस अवसर पर शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है।



### रवि योग का बन रहा है विशेष संयोग, जो पूरे दिन रहेगा

डॉ. मिश्रा के अनुसार, दशमी तिथि का शुभारंभ 1 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 1 मिनट पर होगा और इसका समापन 2 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 10 मिनट पर होगा। उदयातिथि के आधार पर दशहरा 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस बार दशहरे पर रवि योग का विशेष संयोग बन रहा है, जो पूरे दिन रहेगा। इसके अलावा प्रातःकाल से रात 11:29 बजे तक सुकर्मा योग और उसके बाद धृति योग रहेगा। रवि योग और सुकर्मा योग दोनों ही अत्यंत शुभ माने गए हैं।

### ये रहेगा शस्त्र पूजन का समय

डॉ. मिश्रा के अनुसार, दशहरा के दिन शस्त्र पूजन का शुभ समय दोपहर 2:09 बजे से 2:56 बजे तक रहेगा। वहीं रावण दहन प्रदोष काल में करना शुभ माना गया है। इस वर्ष सूर्यास्त शाम 6:06 बजे होगा, जिसके बाद प्रदोष काल प्रारंभ होगा। इसी समय से रावण दहन करने की परंपरा है।

**बुराई पर विजय हमेशा सत्य और धर्म की ही होती है**

ज्योतिषाचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि दशहरा केवल एक त्यौहार ही नहीं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण संदेश देता है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। इस बार दशहरा विशेष योगों के संयोग से और भी अधिक शुभ एवं फलदायी माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### तेल भरवा फरार होने की घटनाओं पर लगेगा अंकुश

**सोनीपत।** जिले में पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाकर वाहन चालकों के फरार होने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं ट्रैफिक नरेंद्र कादयान ने पंप संचालकों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अब किसी भी वाहन को तेल भरने से पहले उसके भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

### मरीजों को भी दवाओं की जानकारी होना जरूरी

**गोहाना।** बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर कलां में गुरुवार को फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा भारतीय फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम, गाजियाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम फार्माकोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. सीमा रानी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के निदेशक डॉ. जेसी दुरेजा ने किया।

### ब्राइट स्कॉलर में हैप्पी क्लासरूम कार्यशाला

**सोनीपत।** सीबीएसई के शिक्षण को आनंदमय, तनावमुक्त और सार्थक बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप, ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को हैप्पी क्लासरूम पर एक शिक्षक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम टीम पीगू द्वारा संचालित किया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन पलक वालिया और चेतना वशिष्ठ शामिल थीं।

### क्लब ने स्थापिक करवाई स्कूल में कंप्यूटर लैब

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट द्वारा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाहरी में एक कंप्यूटर लैब की स्थापना की गई। क्लब के प्रधान पुनीत जग्गा ने बताया कि इस कंप्यूटर लैब के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने ज्ञान और कौशल को विकसित कर सकेंगे।

### प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी

**गोहाना।** यातायात पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को गांव माहरा स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति, यातायात नियम व प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम द्वारा विद्यार्थियों को विषय संबंधित जागरूक किया।जागरूकता कार्यक्रम पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

### कैमिस्ट एसो. ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**गोहाना।** गुरुवार को गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन द्वारा कैमिस्ट चौक में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। समारोह में गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप चहल, सचिव सुरेश बजाज, संगठन सचिव रमेश अरोड़ा, प्रैस प्रवक्ता सुरेश परुथी, नरेंद्र धमीजा, सुभाष मलिक , डॉ. रमेश शर्मा, डॉ. ईश्वर, हिमांशु, नितेश, अक्षय व दीपक अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### पात्रों को आयुष्मान और जय वंदना कार्ड वितरित

**गोहाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडलाना में गुरुवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए और 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए जय वंदना कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. सुमित मलिक ने की।

### साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या कालेज में लीगल सेल के तत्वावधान में महिला थाना की तरफ से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक महिलाओं की सुरक्षा और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक रहना था। कविता और उनके सहायक कर्मियों ने छात्राओं को 112 ऐप के विषय में बताया छात्राओं के फोन में इस ऐप को डाउनलोड करवाकर उसका प्रयोग करना भी सिखाया।

---

*दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन*

# छात्राओं ने हरियाणवी-पंजाबी गीतों पर डांस में दिखाई प्रतिभा

*प्रतियोगिताओं से छात्राओं को मिलता प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर : किरण*

**फाइन आर्ट की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। विभिन्न गतिविधियों की प्रतिभागी छात्राएं। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। प्रतिभागी एवं विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन संयोजिका डॉ.सुमिता की देखरेख में किया गया। विगत 19 सितंबर को फाइन आर्ट की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई थी, जिनमें बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में एक, रंगोली बनाओ में दो, पोस्टर मेकिंग में चार, कोलाज में तीन छात्राओं ने भाग लिया। जबकि आज 25 सितंबर को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.किरण सरोहा द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। कॉलेज काउंसिल सदस्यों ने कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ. किरण सरोहा को पौधा भेंट कर उनका कार्यक्रम में स्वागत किया। मंच संचालन करते हुए हिंदी विभाग से डॉ. प्रमिला ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के विभिन्न कौशलों और उनकी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। आज साहित्यिक इवेंट्स में सबसे पहले हिंदी कविता पाठ और भाषण में सुमन, कशिश, जैस्मिन, रितिका,कोमल, तनु, पायल, वंदना आदि छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अंग्रेजी कविता पाठ और अंग्रेजी भाषण में मुस्कान, कनिष्का, पायल आदि छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्कृत श्लोकोचारण में रितिका, मनु खुशी आदि छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं ने हरियाणवी, पंजाबी गीतों पर एकल नृत्य और ग्रुप डांस में भाग लिया। इनमें नेहा, खुशबू, दीपाली, नैंसी, सारिका, हिना, भारती, रितिका,कशिश, आशु आदि छात्राओं ने भाग लिया। गायन में रितिक और लुभांशी ने अपने गीत प्रस्तुत किये। निर्णायक मंडल में प्रो प्रमिला, डॉ.नमिता, डॉ. सीमांत डॉ. विजयदीप, डॉ. सुषमा, डॉ. शालिनी, डॉ.पूनम और ममता रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### नैना द्वितीय रही

**सोनीपत।** अंबाला के स्नातकोत्तर एसए जैन कालेज के तत्वावधान में आयोजित डैक्लामेशन प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्स कालेज की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नैना ने द्वितीय स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उन्हें बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। संयोजक प्राध्यापिका डा. पूजा गुलाटी ने बताया कि एसए जैन कालेज के वाईआरसी क्लब (एंटी ड्रग सैल) के संयोजन में डैक्लामेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवा की भूमिका विषय के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में जीवीएम की छात्रा नैना ने प्रभावी वक्तव्य देते द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने नैना व अनु का अभिनंदन किया।

---

# मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छौक्कर व वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक को दी बधाई

- नवनियुक्त चेयरमैन किसान मोर्चा से व वाईस चेयरमैन आरएसएस से जुड़े है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सरकार द्वारा हाल में नियुक्त मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाईस चेयरमैन नियुक्त किए गए। गन्नौर में युवा भाजपा नेता निशांत छौक्कर को चेयरमैन व योगेश कौशिक को वाईस चेयरमैन बनाया है। नियुक्ति पर लोगों ने उन्हें बधाई दी चेयरमैन बने निशांत आरएसएस से जुड़े है। उनका कहना कि किसान परिवार से हूं और किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुका हूं। किसानों के हितों को सर्वोपरि रख उनकी समस्याओं का सरकार व प्रशासन के माध्यम से निवारण करवाएंगे। पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे। प्राथमिकता रहेगी कि किसानों को उपज का उचित मूल्य मिले, किसानों व आढ़तियों के लिए उचित सुविधाएं मिलें, आढ़तियों को एक व्यवस्थित तरीके से व्यापार करने का अवसर मिले, जिससे मंडी में विवाद कम हों और एक स्वस्थ माहौल बना रहे। सरकार की तरफ से मिली इस जिम्मेदारी को पूरी इमानदारी से निभाया जाएग।




### किसानों की आवज उठाएंगे

वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक योगेश कौशिक पत्नी, बच्चों सहित आरएसएस से जुड़े है। संघ में सेवा करते भाविप व अन्य संस्थाओं से जुड़े है। योगेश कौशिक का कहना कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्राथमिक जिम्मेदारी रहेगी। किसानों की उपज का सही मूल्य मिलना, पारदर्शी खरीद व्यवस्था, मंडी में साफ-सफाई व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारी में शामिल है। मंडी में तोल-ताक व भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी। आढ़तियों को मंडी टैक्स, खरीद प्रक्रिया और भुगतान से जुड़ी दिक्कतों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को टुल किट वितरित करती विधायक कृष्णा गहलावत एवं अन्य।

## विद्यार्थियों को टूल किट वितरित

**सोनीपत।** सोनीपत आईटीआई में वीरवार को सेवा पखवाड़ अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राई विधायक कृष्णा गहलावत ने आईटीआई के विद्यार्थियों को टुल किट वितरित करी। विधायक कृष्णा गहलावत ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए एक पेड़ मां के नाम का पौधारोपण किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते कहा कि हम सभी को प्रत्येक वर्ष विशेषकर अपने जन्मदिवस पर पौधारोपण जरूर करना चहिए। माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम पर भी हमे पौधारोपण करना चाहिए व समय-समय पर उस पौधे का रखरखाव भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हम सब के लिए बहुत आवश्यक है। जितने अधिक पेड़ होगे उतनी अच्छी हवा होगी।

### विश्व दृष्टि दिवस को विशाल स्तर पर मनाने की जरूरत : भाटिया

खरखौदा। नेत्र विशेषज्ञ डॉ एस पी एस भाटिया ने बताया कि दुनिया में अंधी आबादी में सबसे ज्यादा हिस्सा भारत में है। डेढ़ सौ लाख की दुनिया की आबादी में हर तीन लोगों में से 1 भारत में है। इसके दृष्टिगत विश्व दृष्टि दिवस को भारत में विशाल स्तर पर मनाये जाने की जरूरत है, ताकि नागरिकों को दृष्टि हानि के परिणामों के बारे में पता हो। उन्होंने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस 2025 हर वर्ष अक्टूबर महीने के दूसरे गुरुवार को आंखों की देखभाल और दृष्टिहीनता से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 9 अक्टूबर 2025 को मनाया जायेगा। इस दिन के माध्यम से नेत्र स्वास्थ्य समुदाय की उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है और आने वाले समय की महत्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रकाश डाला जाता है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत ने कैंप कार्यालय में भारतीय जनसंघ के प्रणेता और महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। गहलावत ने कार्यकर्ताओं के साथ उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को समाज सेवा का माध्यम बनाया और देश को एकात्म मानववाद जैसी अद्वितीय विचारधारा दी। उनका जीवन दर्शन आज भी हम सभी को समाज और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। कृष्णा गहलावत ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसके अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त करने में निहित है। आज देश जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर खरखैदा मार्किट कमेटी के चेयरमैन आन्नद दहिया के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे।


विधायक कृष्णा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए।


खरखौदा। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट स्पर्धा में छात्राओं द्वारा निर्मित सामान।

### प्रतियोगिता में प्रिया रही प्रथम

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ तराना नेगी की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ की तरफ से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 10 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया कुमारी बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान साक्षी बीकॉम द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान शिवानी बीकॉम द्वितीय वर्ष व पुष्पा बीए तृतीय वर्ष ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ संगीता कुमारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका गीता शर्मा, डॉ कीर्ति खत्री तथा डॉ अनीता राणा ने निभाई।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ तराना नेगी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं महाविद्यालय में छिपे हुनर को बाहर निकलने का सबसे अच्छा अवसर है। बेकार सामान को पहले भी पुनः प्रयोग किया जाता था और आज भी हम पुराने तथा बिना काम की वस्तुओं से कुछ नई और उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर सकते हैं।

### श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

**सोनीपत।** अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर नगर निगम मेयर राजीव जैन के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले चौक एवं नंदी चौक पर श्रमदान कर दो घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में मूर्तियों की सफाई के साथ साथ आसपास पड़े गंदगी के ढेर साफ किये गए। राजीव जैन ने बस अड्डे पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय से आत्म निर्भर भारत का सूत्र दिया जिसपर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने जयंती समारोह में शामिल लोगों को प्रोत्साहित किया कि वे मानवतावाद विचारधारा के प्रस्तावक दीनदयाल उपाध्याय के संदेशों व शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ें। निगम आयुक्त हर्षित कुमार, सह आयुक्त अनिल दून, पार्षद हरि प्रकाश सैनी, मुकेश सैनी, संगीता सैनी, कृष्ण सैनी, ब्रह्म सैनी, सुरेश, गौरव आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। श्रमदान करते नगर निगम मेयर राजीव जैन एवं अन्य।



सोनीपत। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी व अन्य।

### सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए

**सोनीपत।** महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने के उद्देश्य से महिला थाना सोनीपत की टीम ने टीका राम कॉलेज सोनीपत में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन कुशल पाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी महिला निरीक्षक कविता अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत और सही कदम उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बेसिक सेल्फ डिफेंस तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को यह सिखाया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कैसे करें और बिना घबराए परिस्थिति का सामना करें। महिला निरीक्षक कविता ने कहा कि छात्राओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



सोनीपत। शिविर में चिकित्सकों का स्वागत करते स्कूल स्टाफ।

## फ्री नाड़ी परीक्षण शिविर लगाया

**सोनीपत।** आर्य कन्या वमावि सोनीपत में कबीर वेलनेस आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गुंजन, आकाश गुप्ता, विशाल एवं नीतीश ने विद्यालय स्टाफ का नाड़ी परीक्षण कर वात, पित्त, कफ, वजन, रक्तचाप एवं हृदय गति आदि की जांच की और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिए। दवाइयां निःशुल्क भी वितरित की गई। प्रचार्या सुनीता अहलावत ने अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया और कहा कि आयुर्वेद रोग निदान की सर्वोत्तम, प्रभावशाली तथा हानिरहित पद्धति है, जो रोगों का समूल नाश करती है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नही होता इसलिए सभी को आयुर्वेद अपनाना चाहिए। विशेषज्ञों ने शिविर के दौरान पौष्टिक आहार, योग एवं नियमित व्यायाम के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# जींद से गांव धनाना के लिए रोडवेज बस सेवा प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जींद से सोनीपत के गांव धनाना तक रोडवेज बस सेवा शुरू की गई है। रोडवेज विभाग के जींद डिपो द्वारा यह बस सेवा शुरू की गई है। बस सेवा से न केवल गांव धनाना अपितु इस रूट के सभी गांवों के यात्री खुश हैं। इस सेवा के लिए गांव धनाना के ग्रामीणों ने जिला जींद के विभाग महाप्रबंधक राहुल जैन का आभार व्यक्त किया है। गांव धनाना से जींद के लिए सीधी बस सेवा नहीं थी। ग्रामीणों को जींद पहुंचने के लिए जिला रोहतक के लाखनमाजरा से बस लेनी पड़ती थी। जींद बस स्टैंड से गांव धनाना के लिए बस सायं 3 बजे चलती है।




### यात्रियों को मिलेगी राहत

इस रूट पर जिला जींद के कस्बा जुलाना, बुढ़ाखेड़ा, अकालगढ़ और हथवाला होते यह बस गांव धनाना पहुंचती है। इस बस का रात्रि ठहराव गांव धनाना में होता है। अगले दिन गांव धनाना में प्राचीन शिव मंदिर के पास से यह बस प्रातः 7:30 बजे जींद के लिए चलती है। बस सेवा शुरू होने से पहले रूट के बुढ़ाखेड़ा, अकालगढ़ व हथवाला के यात्रियों को भी जींद पहुंचने के लिए काफी परेशानी होती थी।



गोहाना। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ पौधारोपण करते डीसीपी भारती डबास।

## नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया

**गोहाना।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त गोहाना (डीसीपी) भारती डबास के नेतृत्व में गुरुवार को गांव मोई हुड्डा व पूठी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई तथा युवाओं से नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। पुलिस उपायुक्त भारती डबास ने ग्रामीणों से कहा कि नशा व्यक्ति व समाज दोनों को कमजोर करता है। नशे की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे मौत के मुंह में खींच ले जाती है। हम सब को मिलकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ अभियान चलाना होगा। हमें विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर करके शिक्षा, खेलकूद व सकारात्मक कार्यों में आगे बढने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त व ग्रामीणों ने मिलकर पौधारोपण भी किया और ग्रामीणों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने की अपील की।

**सुविधा** विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए मातृशक्ति का सबसे बड़ा योगदान

# सीएचसी बढ़खालसा में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से हरियाणा सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की। इसी कड़ी में सीएचसी बढख़ालसा में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान विधायक ने सीएचसी बढख़ालसा में किया ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट के भवन का भी शिलान्यास किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला सशक्तिकरण के लिए जो संकल्प लिया था आज उसको पूरा करके दिखाया है। अब हरियाणा की इस योजना की पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए मासिक सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा ही संकल्प के नारे को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने यह बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए मातृशक्ति का सबसे बड़ा योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना से न केवल महिलाएं आर्थिक तौर पर मजबूत बनेंगी बल्कि वे हर स्तर पर आगे बढ़ेंगी। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानके तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें नागरिकों ने दिनभर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।


सोनीपत। यूनिट भवन का शिलान्यास करने के बाद पौधारोपण करते विधायक।

### पौधारोपण के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में नागरिकों ने बड़ी एलईडी स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। इस दौरान विधायक ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करते हुए सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डीआरओ सुशील शर्मा, नायब तहसीलदार अभिनव, पंचायत एवं विकास विभाग के एक्सईएन कुलबीर, एसएमओ डा. अनविता, बीडीपीओ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



राई। स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## स्वच्छता अभियान चलाया

**राई।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 220वीं वीआईपी सुरक्षा बटालियन द्वारा वीरवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गांव खेवड़ा के नजदीक 334बी हाइवे के ब्रिज के पास में स्वच्छता का कार्य किया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान 220वीं वीआईपी सुरक्षा बटालियन के कमांडेंट निखिल रस्तोगी ने भी श्रमदान किया। कमांडेट निखिल रस्तोगी ने बताया कि स्वच्छता के महत्व पर जोर देने के लिए बटालियन के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ की 220वीं वाहिनी का मुख्य कार्य देश के विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करना है। इस जिम्मेदारी के साथ समय-समय पर सार्वजनिक स्थानों पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर अपना योगदान देती है। ताकि जनता भी पर्यावरण व स्वच्छता के प्रति जागरूक फैल सके। उन्होंने बताया कि हम सभी को अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जवाहरलाल नेहरू पार्क से बाइक चोरी

**गोहाना।** जींद रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू पार्क से बाइक चोरी कर ली गई। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। विष्णु नगर के रूपेश ने पुलिस को बताया कि वह देर शाम पार्क में घूमने गया था। उसने बाइक पार्क की पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह पार्क से बाहर निकला तो बाइक नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक की तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को शिकायत दी।

### राजकीय विद्यालय भंडेरी में चोरों ने लगाई सेंध

**गोहाना।** गांव भंडेरी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर यहां से कम्प्यूटर लैब, एजुसेट कक्ष से सामान चोरी कर ले गए। मुख्याध्यापक सतदेव की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। उन्होंने पुलिस को बताया कि चोरों ने कमरों के दरवाजों पर लगे ताले तोड?र कम्प्यूटर लैब से छोटी बैट्री, इनवर्टर बैट्री, एजुसेट की बैट्री चोरी की। चोर सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए।

### पार्षद के आरोपों को बताया निराधार

**खरखौदा।** सांपला मार्ग स्थित पूर्व वाटिका संचालक बिट्टू ने प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि नगर पालिका खरखौदा के एक पार्षद ने उन पर जान से मारने की धमकी देने का आक्षेप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी गई है, जो बिल्कुल निराधार है। इसके विपरित पार्षद व उनके बीच लाखों रुपए का लेनदेन है। जब उन्होंने उनसे अपने पैसे मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत दे दी।

### शिविर में 25 ने कमाया रक्तदान का पुण्य

**सोनीपत।** सोनीपत ब्लड सेंटर सोनीपत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 रक्तदाताओं ने सरकार द्वारा अनुमोदित सेवा पखवाड़ा मनाते हुए रक्तदान करके पुण्य कमाया। जन-जीवन कल्याण समिति के तत्वाधान में धर्मवीर दहिया एक्स डीटीओ रेडक्रॉस सोनीपत द्वारा रक्तदान के फायदे बताते हुए कैंप को संपन्न करवाया।

महिलाओं को आर्थिक मजबूती के लिए शुरू की 'लाडो लक्ष्मी योजना'

# प्रदेश की 18 से 20 लाख महिलाओं को मिलेगा योजना का लाभ : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर हरियाणा की बहनों के सम्मान, सशक्तिकरण और आर्थिक मजबूती के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ऐतिहासिक कदम उठाते हुए लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की है। यह योजना न केवल प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेगी बल्कि परिवार और समाज में समान रूप से सहभागिता सुनिश्चित करेगी। लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर नागरिक अस्पताल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। योजना के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को साकार करना है, जिससे समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी मातृशक्ति आत्मनिर्भर बने और परिवार, समाज तथा राष्ट्र मजबूत हो।




**सोनीपत।** कार्यक्रम में रक्त जांच करवाते हुए प्रदेश अध्यक्ष व पात्र महिला को प्रमाण-पत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 2100 रुपये की मिलेगी सहायता

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चुनाव के दौरान जारी संकल्प पत्र में बहनों को किए गए एक और वायदें को पूरा करते हुए आज प्रदेश में इस योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत प्रदेश की 18 से 20 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की 23 से 60 वर्ष आयु के बीच की पात्र बहनों को प्रति माह 2100 रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रूपये से कम है। उन्होंने कहा कि आज से ही इस योजना के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है और महिलाएं स्वयं लाडो लक्ष्मी योजना पोर्टल से स्वयं भी अपने मोबाईल की मदद से अपना पंजीकरण कर सकेंगी।

### जीएसटी कटौती के फैसले का किया स्वागत

कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए केवल आर्थिक सहायता का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी क्रांति है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर पात्र बहन को उसका अधिकार मिले और वह स्वस्थ, आत्मनिर्भर और सशक्त जीवन जी सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में लागू की गई जीएसटी कटौती और जीवनरक्षक दवाओं को करमुक्त करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे रोजमर्रा की वस्तुएं और मेडिकल की जरूरतें आम जनता के लिए सस्ती हुई है। इस मौके पर एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डा. अनमोल, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनिया मोर, पार्षद सुरेन्द्र मदान, मुकेश सैनी, हरि सैनी, सीएमओ डा. ज्योत्सना, डा. संदीप लठवाल, डा. अनीता सिंह, डा. गिन्नी लांबा, तहसीलदार कीर्ति सहित अन्य मौजूद रहे।

### 4104 ने किया आवेदन

**सोनीपत।** सोनीपत जिले की बात करें तो यहां अब तक 4104 महिलाओं ने आवेदन किया है, जिनमें से 1874 को योग्य पाया गया है, वहीं 1229 को अयोग्य पाया गया है। शेष आवेदनों की जांच प्रक्रिया जारी है। आंकड़ों के अनुसार, सोनीपत जिले की बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से लाभ प्राप्त करेंगी। इससे जिले की महिलाओं को न केवल आर्थिक मजबूती मिलेगी बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान देने का अवसर मिलेगा।



**गोहाना।** कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि बिजेंद्र मलिक, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय व अन्य गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### लाडो लक्ष्मी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना : मलिक

**गोहाना।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा गुरुवार को पं. दीन दयाल उपाध्याय जंयती पर पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लोकार्पण किया गया। इस कड़ी में गोहाना के नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जितनी भी योजनाएं है वह सभी जरूरतमंद व गरीब लोगों के उत्थान के लिए क्रियान्वित हैं। इस अवसर पर एसडीएम अंजलि क्षोत्रिय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0. धर्मबीर नांदल, नगर परिषद चैयरपर्सन रजनी बीरमानी,रीना शर्मा, ईओ निशा शर्मा, सचिव सुंदर शर्मा और एसएमओ डॉ. संजय छिकारा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** महिला को पंजीकरण पत्र प्रदान करते उपायुक्त।

### योजना के शुभारंभ पर खरखौदा पहुंचे उपायुक्त

**खरखौदा।** लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर खरखौदा में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त सुशील सारवान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के उत्थान व कल्याण के लिए कारगर सिद्ध होगी। इस योजना के तहत एक लाख कम वार्षिक आय वाले परिवारों की 23 से 60 वर्ष तक की महिलाओं को 2100 रूपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में एसडीएम डॉ. निर्मल नागर, नगरपालिका के चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, आजाद भौरिया, मुकेश सैनी, गुलशन ठेकेदार, मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर, रामनिवास, बबीता दहिया और सुनील पांचाल आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** नगरपालिका में पात्र महिलाओं को मिठाई खिलवाते नपाध्यक्ष अरुण त्यागी। फोटो : हरिभूमि

### बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए हुआ पंजीकरण

**गन्नौर।** सरकार द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ के बाद गन्नौर में बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका में इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के पंजकीरण किए गए। बीडीपीओ कार्यालय में एसडीएम प्रवेश कादियान व नगरपालिका गन्नौर में नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी ने महिलाओं का पंजीकरण कार्य शुरू करवाया। महिलाओं के स्वास्थ्य जांच के लिए बीडीपीओ परिसर में स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाया गया। इसमें लगभग 300 महिलाओं ने स्वास्थ्य चेकअप करवाया। इस अवसर पर बीडीपीओ राजेश टीवाना, सीडीपीओ निर्मला देवी, एसएमओ टीना आनंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के सम्मान व आत्मनिर्भरता की दिशा में क्रांति : मदान

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने गोहाना रोड पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास नगर निगम द्वारा स्वयं सहायता समूह को सशक्त करने के लिए शुरू किए गए साँझा बाजार का शुभारंभ महापौर राजीव जैन और ,निगम पार्षद नीतू दहिया के साथ किया। इस अवसर पर सभी ने स्वयं सहायता समूह के स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया और नई शुरुआत की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत विधायक निखिल मदान नई अनाज मंडी में किसान रेस्ट हाउस में पहुंचे, जहां उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित राशन वितरण कार्यक्रम में भाग लिया और जरूरतमंदों को निशुल्क राशन वितरित किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता एवं महान चिंतक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने जीवन को राजनीति की शुचिता, पारदर्शिता और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए केवल आर्थिक सहायता का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी क्रांति है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर पात्र बहन को उसका अधिकार मिले और वह स्वस्थ, आत्मनिर्भर और सशक्त जीवन जी सके। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन संजय वर्मा, महिला जिला प्रधान सोनिया मोर, निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, नवीन मंगला आदि मौजूद रहे।

- नगर निगम ने स्वयं सहायता समूह को सशक्त करने के लिये शुरू किया सांझा बाजार, पहुंचे विधायक व मेयर



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक, मेयर एवं अन्य।



**गन्नौर।** भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक का स्वागत करते शुगर मिल की प्रबंध निदेशक अंकिता वर्मा, एसएमओ डा. संजय कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं को बैंक खातों में 2100 की आर्थिक सहायता दी जाएगी : देवेन्द्र कौशिक

**गन्नौर।** भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने गांव पुरखास में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। देवेंद्र कौशिक ने कहा कि इस योजना के तहत 23 वर्ष से अधिक महिलाओं को सीधे उनके बैंक खातों में 2100 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श, जांच व उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर शुगर मिल की प्रबंध निदेशक अंकिता वर्मा, एसएमओ डा. संजय कौशिक, डा. सुधांशु, सरपंच सुनील, सोम दत्त, नरेंद्र, अनिल कादियान, शकुंतला राठी, शीशपाल पहलवान, बजाना कला सरपंच नीरज शर्मा मौजूद रहे।

### चौ. देवीलाल की प्रतिमा को नहलाकर मनाई जयंती

**गन्नौर।** जजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं नेचौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर उनकी 112वीं जयंती मनाई। इस दौरान उनकी प्रतिमा को जजपा हलकाध्यक्ष सियानंद त्यागी, प्रदेश संयुक्त सचिव अनिल त्यागी, भानेराम, सुधीर धनखड़ आदि ने नहलाया और उन्हें पुष्पार्पित कर श्रद्धांजली दी। सियानंद त्यागी ने कहा कि हरियाणा के निर्माता रहे चौधरी देवीलाल सिर्फ स्वतंत्रता सेनानी, किसानों, गरीबों, मजदूरों और कमेरे वर्ग के मसीहा ही नहीं थे, बल्कि एक युगपुरुष थे। अनिल त्यागी ने कहा कि चौधरी देवीलाल की जड़ें जमीन और देश के आम जनमानस के साथ जुड़ी हुई थी। उन्होंने हमेशा स्वच्छ राजनीति की।



**गन्नौर।** चौधरी देवी लाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए जजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।



**गन्नौर।** नपा चेयरमैन अरूण त्यागी पार्षदों के साथ सफाई कर्मियों को ड्रेस बांटते हुए।

### सफाई कर्मचारियों को ड्रेस व जूते किए वितरित

**गन्नौर।** नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों को नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने वर्दी, जूते वितरित किए। अब नगरपालिका के सफाई कर्मचारी नई वर्दी में नजर आएंगे। अरूण त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की रीढ़ की हड्डी हैं। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में उनका योगदान सबसे अहम है। इसलिए उनकी सुरक्षा और सम्मान नगरपालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। चेयरमैन अरुण त्यागी ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था तभी मजबूत हो सकती है जब सफाई कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं और संसाधन मिलें। सभी सफाई कर्मचारियों को समान रूप से वर्दी और जूते उपलब्ध कराए गए हैं। कर्मचारी नई वर्दी में शहर की गलियों और वार्डों में अपनी सेवाएं देंगे। अरुण त्यागी ने सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद नरेश वर्मा, शमशैर सैनी आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## विधायक ने नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने कार्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही नवनियुक्त खरखौदा मार्किट कमेटी के चेयरमैन आनंद दहिया व गन्नौर मार्किट के वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक का पगड़ी पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। नवनियुक्त चेयरमैन व वाईस चेयरमैन ने विधायक कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान और व्यापारी वर्ग को मजबूत करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। मार्किट कमेटियों की अहम भूमिका इसी दिशा में होती है क्योंकि किसानों की मेहनत और व्यापारियों के सहयोग से ही अनाज मंडियां फल-फूल सकती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त चेयरमैन और वाईस चेयरमैन अपने कार्यकाल में मंडियों के विकास को नई दिशा देंगे। गहलावत ने कहा कि किसान हित सरकार और संगठन की पहली प्राथमिकता है।

- नवनियुक्त पदाधिकारी मंडियों के विकास को देंगे दिशा : गहलावत



**राई ।** विधायक कृष्णा गहलावत चेयरमैन आन्नद दहिया व गन्नौर मार्किट के वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक का पगड़ी पहनाकर सम्मान करते हुए।

### पारदर्शिता बनाए रखना प्राथमिकता

गन्नौर मार्किट के वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कहा कि मंडी के विकास और पारदर्शिता बनाए रखना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। इस मौके पर अशोक कौशिक,बलबीर, कर्मबीर रसोई, गौरव दूल, दिलबाग गढ़खालसा, चन्द्रभान, आशीष, राहुल, नरेश कौशिक, सुनील पटवारी, विकास त्यागी, अशोक रसोई सरपंच, संदीप, अमित नाहरा, शीलू मेहंदीपुर, अमरजीत, अमित आदि मौजूद थे।

### गांव महमूदपुर के निकट मिला युवती का शव

**गोहाना।** गोहाना-जींद ग्रीनफील्ड हाईवे स्थित गांव महमूदपुर के निकट ड्रेन आठ में युवती का शव मिला। मृतका की शिनाख्त नहीं हुई है। उसकी हत्या व आत्महत्या को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। पोस्टमार्टम के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस ने शव को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। युवती ने ब्रांडेड कपड़े पहन रखे हैं और उसके हाथ पर एसएन भी लिखा हुआ है। गुरुवार सुबह किसान ने गांव महमूदपुर के निकट हाईवे के पुल के पास ड्रेन आठ में युवती का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। डीसीपी भारती डबास, सदर थाना से प्रभारी लाल सिंह टीम मौके पर पहुंची और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। शव ड्रेन के अंदर के हिस्से में पानी से पास झाडि?ों पड़ा था। युवती की हत्या की गई है या आत्महत्या है फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। युवती के शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं, पुलिस ने घटनास्थल के निरीक्षण के बाद शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया।



**गन्नौर।** दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पार्पित करते भाजपा नेता आजाद नेहरा। फोटो : हरिभूमि

### हमारा स्वाभिमान सेवा समिति ने धूमधाम से मनाई दीनदयाल जयंती

**गन्नौर।** हमारा स्वाभिमान सेवा समिति द्वारा बेगा गांव में दीन दयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। नेहरा ने सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन भूषण हसीजा, बेगा सरपंच सुरेंद्र शर्मा, अमित सैनी, अनिल गोस्वामी व महेश त्यागी के सहयोग से दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पार्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, समिति अध्यक्ष तेजबीर गोस्वामी, सचिव मनोज पाल, उप प्रधान रामकुमार गुप्ता, महावीर आदि मौजूद रहे।

समस्या | महिला ने सीएम वींडो में दी शिकायत

## प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त लेने के लिए दिए पैसे, नहीं मिला लाभ

सरपंच प्रतिनिधि ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि महिला को मिल जाएगा लाभ



**गन्नौर।** भौरा रसुलपुर गांव की महिला अपने जर्जर घर में सीएम विंडो पर दी शिकायत को दिखाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भौरा रसुलपुर गांव की महिला ने सीएम विंडो पर मुख्यमंत्री को शिकायत देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे लिस्ट में नाम आने के बावजूद लाभ न दिए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में साथ ही आरोप लगाया कि उन्होंने सरपंच के परिवार के युवक को सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल के कहने पर 10 हजार रूपयें भी उनके खाते में आनलाईन दिए है। लेकिन उसके बाद भी उन्हें पैसे नही मिले है।

### सरपंच को दिए 10 हजार रुपये

सीएम विंडो पर दी शिकायत में महिला डिम्पल ने बताया कि मैं बीपीएल राशन कार्ड धारक हूं और मैंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया हुआ है, जो कि सर्वे लिस्ट में पात्र पाए जाने के बाद मेरा नाम दर्ज है। लेकिन मुझे उक्त योजना के तहत अभी तक लाभ प्रदान नहीं किया गया है। सर्वे लिस्ट में नाम आने के बावजूद भी मुझे लाभ पाने के लिए पात्र होने के बावजूद भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा। उनका जर्जर मकान गिरने वाला है। शिकायत में बताया कि इस काम के लिए उन्होंने सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल ने अपने ही परिवार के युवक को 10 हजार रूपयें देने की बात कही। उसके बाद मैने उनके खाते में आनलाईन दस हजार रूपयें ट्रांसफर कर दिए। लेकिन उसके बाद भी योजना का लाभ नहीं मिला है।

### नहीं हुई कोई कार्रवाई

महिला के पति व उनके परिवार के युवक का था लेनेदेने का मामला :सरपंच प्रतिनिधि - सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल ने कहा कि शिकायतकर्ता के पति का और उनके परिवार के युवक का आपसी लेनदेन था। आरोप पैसे देने का गलत है। गांव के 67 में से 12 लिस्ट में आए लोगों को पैसे नही मिले। उन्हें भी जल्दी मिल जाएंगे।

### जल्द मिलेगी किश्त : सचिव

ग्राम सचिव विकास ने बताया कि उनका लिस्ट में नाम है। कार्रवाई चल रही है। जल्द ही महिला को पहली किश्त भी मिल जाएगी।

### 5 खिलाड़ियों का एशियन पेंचक सिलात चैंपियनशिप के लिए चयन

**खरखौदा ।** प्रताप स्कूल खरखौदा के पाँच खिलाड़ियों का चयन कश्मीर में 25 से 30 सितम्बर तक आयोजित होने वाली एशियन जूनियर पेंचक सिलात चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। हाल ही में सम्पन्न 19 वें नेशनल पेंचक सिलात कप में स्वर्ण पदक जीतकर इन खिलाड़ियों ने देश की टीम में स्थान सुरक्षित किया। भारतीय टीम में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में लक्ष्य दहिया (71 किग्रा), हर्षित पलवल (75 किग्रा), दिवस (83 किग्रा), आदित्य सैदपुर (87 किग्रा), आदित्य (+100 किग्रा) का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों को द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व कोच अंकित मलिक ने आशीर्वाद देते हुए प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। इस अवसर पर प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने खिलाड़ियों को विशेष बधाई दी।